पेड़ी गन्ने में भी कृषि क्रियाएं जरूरी

गोलागोकर्णनाथ-खीरी। (जनसंदेश टाइम्स)। बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल ने अभियान चलाकर पेड़ी प्रबन्धन हेतु गांव-गांव गोष्ठी के माध्यम से किसानों में जागरूकता फैला रहे है। चोटी बेधक कीट नियंत्रण हेतु चीनी मिल द्वारा कोराजन उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही कुछ किसानों द्वारा लाइट ट्रैप भी अपने-अपने खेतों में लगाया गया है। बजाज चीनी मिल गोला द्वारा 60 टीमें लगाकर गन्ना सर्वेक्षण का कार्य कराया जा रहा है। सभी टीमों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि प्रतिदिन 20 हे0 गन्ने की नाप करें और 20 जून तक गन्ना सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण कर लें। उन्होंने कहा कि जो कृषक गन्ना समिति के सदस्य नहीं हैं वह 30 सितम्बर के अन्दर सदस्य बन जाये। साथ ही मोबाइल व बैंक खाता संख्या घोषणा पत्र में भरकर अवश्य जमा कर दें। चीनी मिल के वरिष्ठ महाप्रबन्धक पीएस चतुर्वेदी ने ग्राम पचतौर, कबीरधाम व मुश्की आदि गांव में किसान गोष्ठी कर किसानों को समझाया कि कुछ पेड़ी गन्ने के खेतों में जुताई-गुड़ाई व उचित देखभाल नहीं किया गया है। जिससे इन खेतों में खरपतवार दिखाई दे रहे हैं। गुड़ाई-जुताई के उपरान्त खरपतवार सूख जाने पर सिंचाई कर एनपीके 12:32:16 अथवा 19:19:19 का घोल बनाकर छिड़काव करें। ऐसा करने से पेड़ी गन्ने की पैदावार अच्छी प्राप्त होगी। गोष्ठी में दीपक सिंह एसीडीओ व जोन इंचार्ज उपस्थित रहे।

पेड़ी गन्ने में भी कृषि क्रियाएं जरूरी

डेली न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला ने अभियान चलाकर पेड़ी प्रबन्धन हेतु गांव . गांव गोष्ठी के माध्यम से किसानों में जागरूकता पैदा कर रही है। चोटी बेधक कीट नियंत्रण हेतु चीनी मिल द्वारा कोराजन उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही साथ कुछ किसानों द्वारा लाइट ट्रैप भी अपने-अपने खेतों में लगाया गया है। गोष्ठी में किसान भाईयों से अपील की गई है कि अपने खेतों में कीट बीमारी की बराबर निगरानी करते रहें । यदि कहीं कोई कीट बीमारी में चीनी मिल के कर्मचारियों की आवश्यकता हो तो तत्काल सूचना दे उसका तुरन्त निदान कराया जायेगा ।

बजाज चीनी मिल गोला द्वारा 60 टीमें लगाकर गन्ना सर्वेक्षण का कार्य कराया जा रहा है । सभी टीमों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि प्रतिदिन बीस हेक्टेयर गन्ने की नाप करें और 20 जून तक गन्ना सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण कर लें। सर्वेक्षण के समय सही . सही गन्ना प्रजाति पेड़ी . पौधा व शरद बावक की विशेष निगरानी रखें। जो कृषक गन्ना समिति के सदस्य नहीं है वह 30 सितम्बर के अन्दर सदस्य बन जाये। साथ ही साथ मोबाइल नम्बर बैंक खाता संख्या घोषणा पत्र भरकर अवश्य जमा कर दें यह जानकारी चीनी मिल के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा किसानों को घर घर जाकर दी जा रही है।

गन्ना सर्वेक्षण की जांच कर रहे चीनी मिल के वरिष्ठ महाप्रबन्धक गन्ना पीएस चतुर्वेदी द्वारा ग्राम पचतौरए कबीरधाम व मुश्की में किसान गोष्ठी कर किसानों को समझाया कि कुछ पेड़ी गन्ने के खेतों में जुताई . गुड़ाई व उचित देखभाल नहीं किया गया है जिससे कि इन खेतों में खरपतवार दिखाई दे रहे हैंए इसकी गुडाई किया जाना अत्यन्त आवश्यक हैए गुडाई करने से होने वाले लाभ के बारे में बताया कि कल्लों का फुटाव अधिक होगा तथा खर . पतवार खेत में रहने पर कीट पतंगों का प्रकोप अधिक पाया जाता है जिससे आपकी पैदावार 15.20 प्रतिशत कम हो जाती है। ऐसी स्थिति में गुडाई जुताई आवश्यक है।

लखनऊ 29-05-2023
http://www.dailynewsactivist.com
डेली न्यूज़ ऐक्टिविस्ट